भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-101
सोमवार, 18 नवम्बर, 2019/27 कार्तिक, 1941 (शक)

रोजगार दर

101. श्री दीपक बैजः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बेरोजगारी की वर्तमान दर कितनी है;

(ख) क्या देश में बेरोजगारी में लगातार वृद्धि हुई है और महिलाओं में बेरोजगारी अधिक बढ़ी है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान पुरुषों और महिलाओं के बीच बेरोजगारी की वृद्धि की दर कितनी रही है और उक्त अवधि के दौरान कितना रोजगार प्रदान किया गया है;

(घ) क्या ग्रामीण महिलाओं की तुलना में शहरी महिलाओं में बेरोजगारी की दर अधिक है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रोजगार एवं बेरोजगारी पर पंचवर्षीय श्रमबल सर्वेक्षण आयोजित किए जाते थे। ऐसा पिछला सर्वेक्षण 2011-12 के दौरान आयोजित किया गया था। अब, एनएसएसओ वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) करने लगा है, जो 2017-18 के दौरान आयोजित किया गया था। सर्वेक्षणों के परिणाम के अनुसार, देश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र-वार पुरूष, महिला, सभी आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर अनुमानित बेरोजगारी की दर, तथा कामगार जनसंख्या अनुमान उपलब्ध सीमा तक, नीचे दिए गए हैं:

बेरोजगारी की दर (% में)					
		2004-05 (एनएसएस 61वां दौर)	**2009-10 (एनएसएस 66वां दौर)**	**2011-12 (एनएसएस 68वां दौर)**	**2017-18 (पीएलएफएस)**
ग्रामीण	*पुरूष*	**1.6**	**1.6**	**1.7**	**5.8**
	महिला	**1.8**	**1.6**	**1.7**	**3.8**
	व्यक्ति	**1.7**	**1.6**	**1.7**	**5.3**
शहरी	*पुरूष*	**3.8**	**2.8**	**3.0**	**7.1**
	महिला	**6.9**	**5.7**	**5.2**	**10.8**
	व्यक्ति	**4.5**	**3.4**	**3.4**	**7.8**
ग्रामीण + शहरी	*पुरूष*	**2.2**	**2.0**	**2.1**	**6.2**
	महिला	**2.6**	**2.3**	**2.4**	**5.7**
	व्यक्ति	**2.3**	**2.0**	**2.2**	**6.1**

*(टिप्पणीः *तुलना हेतु, एनएसएस सर्वेक्षणों के पूर्व के दौरों के साथ पीएलएफएस के परिणामों को उस संदर्भ में समझे जाने की आवश्यकता है जिसके तहत सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श चयन को तैयार किया गया है)*

कामगार जनसंख्या का अनुपात (% में)					
		2004-05 (एनएसएस 61वां दौर)	**2009-10** (एनएसएस 66वां दौर)	**2011-12** (एनएसएस 68वां दौर)	**2017-18** (पीएलएफएस)
ग्रामीण	*पुरूष*	**54.6**	**54.7**	**54.3**	**51.7**
	महिला	**32.7**	**26.1**	**24.8**	**17.5**
	व्यक्ति	**43.9**	**40.8**	**39.9**	**35.0**
शहरी	*पुरूष*	**54.9**	**54.3**	**54.6**	**53.0**
	महिला	**16.6**	**13.8**	**14.7**	**14.2**
	व्यक्ति	**36.5**	**35.0**	**35.5**	**33.9**
ग्रामीण + शहरी	*पुरूष*	**54.7**	**54.6**	**54.4**	**52.1**
	महिला	**28.7**	**22.8**	**21.9**	**16.5**
	व्यक्ति	**42.0**	**39.2**	**38.6**	**34.7**

*(टिप्पणीः *तुलना हेतु, एनएसएस सर्वेक्षणों के पूर्व के दौरों के साथ पीएलएफएस के परिणामों को उस संदर्भ में समझे जाने की आवश्यकता है जिसके तहत सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श चयन को तैयार किया गया है)*

****